वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून
(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)
VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN
(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no. 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)
Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddholwal, Dehradun, Uttarakhand (India)
Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

महत्वपूर्ण

पत्रांकः: 2081/VMSBUTU/2024 — दिनाँकः 23,सितम्बर,2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान,
वी0मा0सिं0भ0,उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,उत्तराखण्ड।

विषयः विषम सेमेस्टर परीक्षा–2024–25 के परीक्षा फॉर्म भरें जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में अवगत कराना है कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के विश्वविद्यालय से समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थानों के शैक्षिक सत्र 2024-25 (Odd Sem) विषम सेमेस्टरों के Regular से Back Paper परीक्षा फॉर्म भरा जाना विश्वविद्यालय के UMS पोर्टल पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 15.09.2024 से होना था। जिसे अपरिहार्य कारणों से सक्षम स्तर के अनुमोदनोपरान्त सत्र 2024–25 में नव प्रवेशित छात्रों को छोड़कर शेष छात्रों हेतु दिनांक 25-09-2024 से दिनांक 10.10.2024 तक भरा जाना निर्धारित किया है।

यह भी सूच्य है कि कतिपय ऐसे छात्र जिनके 2022–23 व 2023–24 में प्रवेशोपरान्त Enrollment अद्यतन प्रोविजनल है, के Enrollment पूर्ण कराने के बाद ही परीक्षा फॉर्म भरा जाना सम्भव हो सकेगा एवं विलम्ब हेतु विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। सभी संस्थानों से अपेक्षा की जाती है कि पूर्व से अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के परीक्षा फॉर्म UMS पोर्टल शिक्षकों की देखरेख में सावधानी पूर्वक भरवाने की कार्यवाही करे ताकि जिससे परीक्षा के दौरान कोई त्रुटि एवं संशोधन करवाने हेतु संस्थान द्वारा आवेदन न करना पड़े।

फार्मेसी को छोड़कर शेष सत्र 2024–25 के प्रथम वर्ष के समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेशित छात्रों के परीक्षा फॉर्म भरने की कार्यवाही दिनांक 10.10.2024 से दिनांक 20.10.2024 तक की जानी होगी। अतः उपरोक्तानुसार नव प्रवेशित छात्रों के परीक्षा फॉर्म भरवाने की कार्यवाही समयबद्ध रूप से कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही उक्त तिथि के उपरान्त परीक्षा फॉर्म नहीं भरे जाने की दशा में समस्त जिम्मेदारी संस्थानो की होगी ।

भवदीय,

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 को कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून।
3. वित्त नियत्रंक, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून।
4. वेबमास्टर, वी0मा0सिं0भ0, यू0टी0यू0 देहरादून को इस निर्देश के साथ कि विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करें एवं समस्त सम्बद्ध संस्थाओं को प्रेषित करें।
5. नोडल आफिसर, यू0एम0एस0 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ0 वी0के0 पटेल)
परीक्षा नियंत्रक